आपको कुछ चाहिए ?

चपरासी : आपको कुछ चाहिए ?

अनिल : नहीं, क्यों ?

चपरासी : आपने घंटी बजायी, सर |

अनिल : हाँ, एक कप चाय लाओ | अच्छी चाय लाना |

चपरासी : एकदम अच्छी चाय लाता हूँ, सर |

अनिल : सुनो |

चपरासी : जी सर ?

अनिल : थोड़ी देर पहले कोई मुझसे मिलने आया था ?

चपरासी : जी हाँ, एक लड़की आयी थी | क्या तो नाम बताया था ! हाँ, रशिम |

अनिल : उसने कोई पैकेट दिया ?

चपरासी : उसने एक पैकैट मैनेजर को दिया है | कहा, अनिल साहब को देना | ....चाय लाता हूँ | जाऊँ सर ?

अनिल : हाँ जाओ, चाय जल्दी लाओ | (रशिम का प्रवेश) सुनो, दो कप चाय लाना |

चपरासी : कुछ नाश्ता चाहिए सर ?

अनिल : कैण्तीन में क्या नाश्ता है ?

चपरासी : गरम-गरम बटाटा-वड़ा है |

अनिल : (रशिम से) तुम्हें बटाटा-वड़ा पसन्द है न रशिम ? (चपरासी से) दो चाय और दो प्लेट बटाटा-वड़ा लाओ | पानी भी लाना |

रशिम : तुम्हें मेरा पैकैट मिला ?

अनिल : नहीं मिला, उसमें क्या है ?

रशिम : उसमें तुम्हारे लिए कचौड़ियाँ हैं | भाभी ने भेजी हैं |

अनिल : सुनो, चाय और नाश्ते के साथ पैकेट भी लाना |

चपरासी : अभी लाया सर | और कुछ चाहिए ?

अनिल : पानी लाना मत भूलना |

चपरासी : अच्छा सर |

1- चाहिए kelimesinin özel kullanımını öğrenmek, metin içerisindeki örneklerini analiz etmek.